प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय सूचना

फरवरी 2021

THE LEGAL FRAMEWORK
for the Child-Centered Special Education Process

Link to The Legal Framework

TEA
Texas Education Agency

Link to TEA Special Education

विषय-सूची

प्रक्रियात्मक सुरक्षाउपायों की सूचना 1

विकलांग बच्चों के माता-पिता के अधिकार 1

विशेष शिक्षा में प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय 1

माता-पिता के रूप में पालक माता-पिता 1

स्थानापन्न माता-पिता 1

चाइल्ड फ़ाइंड (बालक खोज) 2

पूर्व लिखित सूचना 2

पालक की सहमति 3

विकलांग बच्चों को अनुशासित करने की प्रक्रियाएं 6

पालकों द्वारा स्वैच्छिक निजी विद्यालय स्थापन 13

अभिभावकीय अधिकारों का हस्तांतरण 14

विशेष शिक्षा सूचना 15

असहमति का समाधान 15

राज्य आई. ई. पी. सुविधा 16

मध्यस्थता सेवाएं 16

विशेष शिक्षा शिकायत समाधान प्रक्रिया 17

उचित प्रक्रिया प्रणाली 19

संपर्क सूचना 28

विवाद समाधान के संपर्क की जानकारी 28

कॉपीराइट ©2021. टेक्सास शिक्षा एजेंसी. सर्वाधिकार सुरक्षित.

प्रक्रियात्मक सुरक्षाउपायों की सूचना

विकलांग बच्चों के माता-पिता के अधिकार

विकलांग व्यक्तियों की शिक्षा अधिनियम अर्थात इंडीविजुअल्स विद डिसएबिलिटीज़ एजुकेशन एक्ट (आई.डी.ई.ए.), वर्ष 2004 में यथा संशोधित, विद्यालयों के लिए यह आवश्यक करता है कि वे विकलांग बच्चे के पालकों को एक सूचना (नोटिस) प्रदान करें जिसमें आई.डी.ई.ए. और उसके कार्यान्वयनकारी विनियमों के तहत उपलब्ध प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की संपूर्ण व्याख्या हो। टेक्सास एजुकेशन एजेंसी (टी.ई.ए.) द्वारा तैयार यह दस्तावेज़, इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए है और यह विकलांग बच्चों के पालकों को आई.डी.ई.ए. के तहत मिले उनके अधिकारों को समझने में उनकी मदद करता है।

विशेष शिक्षा में प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय

आई. डी. ई. ए. के तहत शब्द *पालक* (अंग्रेज़ी में Parent) का अर्थ उस जैविक माता–पिता, गोद लेने वाले माता–पिता, पालन करने वाले माता–पिता यदि राज्यीय आवश्यकताओं द्वारा अनुमत हो, संरक्षक, जैविक या गोद लेने वाले माता–पिता के स्थान पर कार्यरत कोई व्यक्ति (जिसमें दादा–दादी–नाना–नानी, सौतेले माता–पिता या अन्य संबंधी शामिल हैं) से है जिसके साथ बच्चा रहता है, उस व्यक्ति से है जो बच्चे के कल्याण के लिए कानूनी तौर पर ज़िम्मेदार है, या स्थानापन्न (सरोगेट) माता–पिता से है।

अंग्रेज़ी में सीमित निपुणता रखने वाले व्यक्ति के साथ प्रयोग किए जाने पर शब्द *मूल भाषा* (अंग्रेज़ी: Native Language) का अर्थ उस व्यक्ति द्वारा सामान्यतः प्रयोग की जाने वाली भाषा से है। बधिर या सुनने में कठिनाई वाले लोगों के साथ प्रयोग किए जाने पर, *मूल भाषा* का अर्थ उस व्यक्ति द्वारा संचार के लिए सामान्यतः प्रयोग की जाने वाली विधि से है।

विद्यालय के लिए आपको यह प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना प्रत्येक विद्यालय वर्ष में केवल एक बार देनी आवश्यक है, सिवाय इसके कि विद्यालय को आपको दस्तावेज़ की एक और प्रति प्रदान करनी होगी: आरंभिक संप्रेषण (रिफ़रल) पर या मूल्यांकन हेतु आपके अनुरोध पर; टी. ई. ए. के पास दर्ज की गई पहली विशेष शिक्षा शिकायत प्राप्त होने पर; वर्ष वर्ष में पहली उचित प्रक्रिया सुनवाई शिकायत प्राप्त होने पर; ऐसी अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्णय लिए जाने पर जो स्थापन में परिवर्तन गठित करती हो; या आपके अनुरोध पर।

आप और विद्यालय एक *प्रवेश, समीक्षा एवं बर्खास्तगी* (ए. आर. डी.) समिति के माध्यम से आपके बच्चे के संबंध निर्णय ले सकते हैं। ए. आर. डी. समिति यह निर्धारण कि आपका बच्चा विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाओं के लिए अर्हता है या नहीं। ए. आर. डी. समिति आपके बच्चे के *वैयक्तिकृत शैक्षिक कार्यक्रम* (आई. ई. पी.) को विकसित है, उसकी समीक्षा करती है उसमें संशोधन करती है तथा आपके बच्चे के शैक्षिक स्थापन (प्लेसमेंट) का निर्धारण है। ए. आर. डी. समिति की भूमिका एवं आई. डी. ई. ए. अतिरिक्त जानकारी एक साथी दस्तावेज़, प्रवेश, समीक्षा एवं बर्खास्तगी प्रक्रिया की पालक की मार्गदर्शिका (लिंक: fw.escapps.net) में आपके विद्यालय की ओर से उपलब्ध है।

माता-पिता के रूप में पालक माता–पिता

आई. डी. ई. ए. के तहत, पालक माता–पिता की भूमिका निभा सकते हैं, जब तक कि राज्य का कानून या नियम इसे निषेध न करता हो या जब तक कि राज्य और स्थानीय निकायों के साथ अनुबंध संबंधित दायित्व किसी अभिभावक को माता–पिता की भूमिका निभाने से न रोकते हों। टेक्सास में, यदि आप किसी विकलांग बच्चे के लिए एक पालक माता–पिता हैं, तो आप विशेष शिक्षा निर्णय लेने में भाग लेने के लिए सहमत होते हैं और यदि आप बच्चे की अगली एआरडी समिति की बैठक के पहले आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करते हैं, लेकिन पालकमाता–पिता बनने के **90** दिन बाद नहीं, जब आप बच्चे के लिए विशेष शिक्षा के उद्देश्य का निर्णय लेते है। एक बार जब आप अनुमोदित प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा कर लेंगे, तो एक ही बच्चे के लिए माता-पिता के रूप में कार्य करने के लिए या किसी अन्य बच्चे के लिए स्थानापन्न माता-पिता के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम को फिर से दोहराना आवश्यक नहीं है। यदि विद्यालय विशेष शिक्षा के संबंध में निर्णय लेने के प्रयोजन के लिए आपको माता-पिता के रूप में नियुक्त नहीं करता है, तो उसे निर्णय किए जाने की तारीख से सात कैलेंडर दिनों के भीतर आपको लिखित अधिसूचना देनी होगी। अधिसूचना में एल.ई.ए. के निर्णय के लिए कारणों को स्पष्ट किया जाना और आपको यह सूचित किया जाना आवश्यक है कि आप टी.ई.ए. के पास एक विशेष शिक्षा शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

स्थानापन्न माता-पिता

यदि समुचित प्रयासों के बाद, विद्यालय किसी बच्चे के लिए माता–पिता की पहचान या खोज नहीं कर पाता है, पालक

माता–पिता, माता–पिता के रूप में कार्य करने के अनिच्छुक अक्षम हैं, बच्चा किसी पालक गृह व्यवस्था में नहीं रहता है या बच्चा राज्य का निवासी है, जब तक बच्चा राज्य का निवासी हो और न्यायालय ने कोई स्थानापन्न माता/पिता नियुक्त न दिए हों, विद्यालय के लिए बच्चे के माता/पिता के स्थान पर स्थानापन्न माता/पिता नियुक्त करना अनिवार्य होगा। को मैककीनी–वेंटो होमलेस असिस्टेंस एक्ट में परिभाषित बेसहारा बेघर बच्चे के लिए भी स्थानापन्न माता/पिता की नियुक्ति करनी होगी। बेघर या जो स्थानापन्न देखभाल में है बच्चे के लिए किसी स्थानापन्न माता/पिता की नियुक्ति के बाद जितना जल्दी व्यवहार्य हो, विद्यालय को बच्चे के शैक्षणिक निर्णयकर्ता और केसवर्कर को नियुक्ति की एक लिखित सूचना प्रदान करनी होगी। ज्यादा जानकारी के लिए, बेघर होने का अनुभव करने वाले बच्चे और युवा के लिए (लिंक: bit.ly/39v6KzG)

स्थानापन्न माता/पिता के रूप में कार्य करने के लिए पात्र होने के लिए आपको टी. ई. ए. , विद्यालय, या बच्चे की शिक्षा या देखभाल में शामिल किसी एजेंसी का कर्मचारी नहीं होना चाहिए, और आपका कोई ऐसा हित नहीं होना चाहिए जो बच्चे के हित से टकराता हो. स्थानापन्न माता/पिता के रूप में नियुक्त किसी भी व्यक्ति के पास पर्याप्त जानकारी और कौशल हो तथा वह बच्चे के हित को आगे बढ़ाने, सुनिश्चित करने कि बच्चे के उचित प्रक्रिया अधिकारों का उल्लंघन न हो, बच्चे से मिलने और विद्यालय जाने, बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड की समीक्षा करने, बच्चे की शिक्षा में शामिल किसी भी व्यक्ति से परामर्श करने, ए.आर.डी. समिति की बैठकों में शामिल होने, और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने में स्वतंत्र निर्णय का प्रयोग करने के लिए इच्छुक हो। किराए के माता/पिता के रूप में कार्य करने के लिए विद्यालय द्वारा नियुक्त व्यक्ति को बच्चे की अगली निर्धारित ए.आर.डी. समिति की बैठक से पहले, लेकिन स्थानापन्न/का माता/पिता के रूप में आरंभिक नियुक्ति की तारीख से 90 दिन के भीतर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करना होगा। एक बार आपका प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा और अनुमोदित होने के बाद, आपको उसी बच्चे के माता/पिता या किसी अन्य बच्चे के स्थानापन्न माता/पिता के रूप में कार्य करने के लिए फिर से प्रशिक्षण कार्यक्रम लेने की आवश्यकता नहीं है।

स्थानापन्न माता–पिता के संबंध में अतिरिक्त शर्तों के लिए, कृपया 19 TAC §89.1047 देखें (लिंक: bit.ly/39B7jla)।

चाइल्ड फ़ाइंड (खोज बालक)

राज्य में रह रहे निःशक्तता पीड़ित उन सभी बच्चों, जिन्हें शिक्षा एवं संबंधित सेवाओं की आवश्यकता है, की पहचान की जानी, उनके स्थान का पता लगाया जाना एवं उनका किया जाना आवश्यक है, इनमें निःशक्तता पीड़ित वे बच्चे भी शामिल हैं जो बेघर हैं या राज्य की कानूनी अभिरक्षा में हैं और वे विकलांग बच्चे भी जो निजी विद्यालयों में जा रहे हैं, चाहे वे किसी भी प्रकार से नि:शक्त हों। इस प्रक्रिया को *चाइल्ड फ़ाइंड (बालक खोज) कहा जाता है।*

अपनी चाइल्ड फ़ाइंड गतिविधियों के भाग के रूप में एलईए को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की आवश्यकता वाले बच्चों का पता लगाने, पहचान करने और मूल्यांकन करने के लिए माता/पिता को सूचित करने के लिए पर्याप्त सर्कुलेशन के साथ समाचार पत्रों और अन्य मीडिया, दोनों में, एक सूचना प्रकाशित या घोषित करनी होगी।

बाल खोज के लिए आवश्यक सम्पूर्ण विवरण के लिए, कृपया कृपया बाल कानूनी लिए के प्रक्रिया शिक्षा विशेष केन्द्रित- देखें रूपरेखा(लिंक: fw.escapps.net)

पूर्व लिखित सूचना

आपके पास अधिकार है कि आपके बच्चे की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं के संबंध में विद्यालय की कार्रवाइयों की आपको पूर्व लिखित सूचना दी जाए। विद्यालय को पहले आपको एक उचित समय की अग्रिम लिखित सूचना अवश्य देनी होगी। आपके पास यह अधिकार भी है कि विद्यालय आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन या शैक्षिक स्थापन अथवा आपके बच्चे को प्रदत्त निःशुल्क उपयुक्त जन शिक्षा (एफ़. ए. पी. ई.) को आरंभ करने या बदलने से इनकार करने से पहले आपको अग्रिम लिखित सूचना दे। विद्यालय को अग्रिम लिखित सूचना अवश्य प्रदान करनी होगी, भले ही आपने परिवर्तन पर सहमति दी हो या परिवर्तन का अनुरोध किया हो।

टेक्सास में, विद्यालय को कार्रवाई का प्रस्ताव रखने या उससे इनकार करने से कम–से–कम पाँच विद्यालय दिनों पहले आपको अग्रिम लिखित सूचना देनी होगी, बशर्ते आप इससे कम दिनों की समय सीमा पर सहमत न हों।

विद्यालय को अग्रिम लिखित सूचना में शामिल करना होगा: उन कार्यों का वर्णन जिन्हें विद्यालय ने करने का प्रस्ताव रखा है या करने से इनकार किया है; विद्यालय उस कार्य का क्यों रख रहा है या उसे करने से क्यों इनकार कर रहा है इसकी व्याख्या; कार्य का प्रस्ताव रखने या उससे इनकार करने का निर्णय लेने में प्रयुक्त प्रत्येक मूल्यांकन कार्यविधि, आकलन, अभिलेख (रिकॉर्ड) या आख्या (रिपोर्ट) का विवरण; एक

वक्तव्य कि आपको आई. डी. ई. ए. के प्रक्रियात्मक सुरक्षा के तहत सुरक्षा प्राप्त है; इस बात की व्याख्या कि इस प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना की प्रति कैसे प्राप्त की जाए; उन व्यक्तियों या संगठनों की संपर्क जानकारी जो आई. डी. ई. ए. को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं; अन्य विकल्पों का विवरण जिन पर आपके बच्चे की समिति ने विचार किया और वे कारण जिनके चलते उन को अस्वीकार किया गया; और उन अन्य कारणों का विवरण जिनके चलते विद्यालय ने कार्य का प्रस्ताव रखा है या कार्य से इनकार किया है।

सूचना को आम जनता द्वारा समझे जाने योग्य भाषा में लिखा गया होना चाहिए और उसका अनुवाद आपकी मूल भाषा या संचार की किसी अन्य विधि में किया जाना चाहिए, बशर्ते ऐसा करना स्पष्ट रूप से असंभव न हो।

यदि आपकी मूल भाषा या संचार की वह अन्य विधि एक लिखित भाषा नहीं है, तो विद्यालय को सूचना का अनुवाद मौखिक रूप से या अन्य साधनों के द्वारा आपकी मूल भाषा में या संचार की अन्य विधि में करना होगा ताकि आप उसे समझ सकें। विद्यालय के पास इस बात का लिखित प्रमाण अवश्य होना चाहिए कि ऐसा किया गया है।

यदि, विद्यालय द्वारा आपके बच्चे को विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाएं प्रदान करना आरंभ कर दिए जाने के बाद किसी भी समय पर, आप सेवाओं के लिए अपनी सहमति वापस लेते हैं, तो विद्यालय को आपको बच्चे को विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाएं प्रदान करना रोक देना चाहिए। हालांकि सेवाएं रोकने से पहले, विद्यालय को आपको कम-से-कम पाँच विद्यालय दिनों पहले आपको अग्रिम लिखित सूचना देनी होगी, बशर्ते आप इससे कम दिनों की समय सीमा पर सहमत न हों।

इलेक्ट्रॉनिक मेल

निःशक्तता पीड़ित बच्चे का पालक इलेक्ट्रॉनिक मेल (ईमेल) द्वारा लिखित सूचनाएं प्राप्त करने के विकल्प का चुनाव कर सकता है, बशर्ते विद्यालय यह विकल्प उपलब्ध कराता हो।

पालक की सहमति

विद्यालय कुछ चीजें कर सके इससे पहले उसे आपकी सूचित सहमति अवश्य प्राप्त करनी होगी। आपकी *सूचित सहमति* का का अर्थ है कि: जिस कार्य के लिए आपकी अनुमति माँगी जा रही है उस कार्य से संबंधित समस्त जानकारी आपको आपकी मूल भाषा, या संचार की अन्य विधि में दे दी गई है; जिस गतिविधि के लिए आपकी अनुमति मांगी गई है आप उसे समझते हैं एवं उस पर लिखित में सहमत हैं, और लिखित सहमति में गतिविधि का वर्णन है एवं उसमें जारी किए जाने वाले अभिलेखों को तथा वे जिन्हें जारी किए जाएंगे उन्हें सूचीबद्ध किया गया है; और आप समझते हैं कि आपके द्वारा सहमति दिया जाना स्वैच्छिक है तथा उसे किसी भी समय वापस लिया जा सकता है। यदि आप विशेष शिक्षा एवं सेवाओं को सतत रूप से प्रदान किए जाने की अपनी सहमति वापस लेना चाहते हैं, तो आपको ऐसा लिखित में करना होगा। यदि आप सहमति देते हैं और फिर उसे वापस ले लेते हैं, तो आपके द्वारा सहमति वापस लिया जाना पूर्व-प्रभावी नहीं

विद्यालय को पालक की सहमति प्राप्त करने के समुचित प्रयास करने के दस्तावेज़ अवश्य रखने होंगे।दस्तावेज़ों में सहमति प्राप्त करने के विद्यालय के प्रयासों के अभिलेख, जैसे विस्तृत टेलीफोन अभिलेख, पत्राचार की प्रतियां एवं आपके घर या रोज़गार के स्थान पर की गई मुलाकातों के विस्तृत अभिलेख, अवश्य शामिल होने चाहिए।

आरंभिक मूल्यांकन

आई. डी. ई. ए. के तहत आपका बच्चा निःशक्तता पीड़ित बच्चे के रूप में अर्ह है या नहीं इसका निर्धारण करने हेतु आरंभिक मूल्यांकन करने से पहले, विद्यालय को आपको प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना की एक प्रति और प्रस्तावित मूल्यांकन की अग्रिम लिखित सूचना देनी होगी और आपकी सूचित सहमति प्राप्त करनी होगी। विद्यालय को आरंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने हेतु समुचित प्रयास करने होंगे। आरंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति का यह अर्थ नहीं है कि आपने विद्यालय को आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं देना आरंभ करने की सहमति भी दे दी है। यदि आपका बच्चा राज्य के संरक्षण के अधीन है और आपके साथ नहीं रह रहा है, तो विद्यालय के लिए तब आपकी सहमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा जब विद्यालय आपको ढूँढ नहीं पाया हो या फिर जब आपके पालक अधिकार न्यायलय के आदेश द्वारा समाप्त कर दिए गए हों या किसी अन्य को सौंप दिए गए हों।

आरंभिक सेवाएं

विद्यालय को आपके बच्चे को पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए भी आपको सूचित सहमति देनी होगी। विद्यालय को पहली बार आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने से पहले आपकी सूचित सहमति पाने के उचित प्रयास करने होंगे। यदि आप पहली बार अपने बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति देने के अनुरोध का जवाब नहीं देते हैं, या यदि आप इस तरह की सहमति देने से इनकार करते हैं या बाद में लिखित में अपनी सहमति रद्द करते हैं, तो हो सकता है कि आपका स्कूल सहमति लेने के लिए प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों (जैसे, मध्यस्थता, सम्यक प्रक्रिया की शिकायत, निराकरण की बैठक, या एक निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया की सुनवाई) का उपयोग न कर पाए या यह नियम कि आपकी सहमति के बिना आपके बच्चे की ए.आर.डी. समिति द्वारा अनुशंसित विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं आपके बच्चे को प्रदान की जा सकती हैं।

यदि आप पहली बार अपने बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्राप्त करने के लिए अपनी सहमति देने से इनकार करते हैं, या यदि आप इस तरह की सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब नहीं देते हैं या बाद में लिखित रूप में आपकी सहमति रद्द कर देते हैं और स्कूल आपके बच्चे को वह विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं नहीं देता है जिसके लिए उसने आपकी सहमति मांगी थी, तो इस स्थिति में यह नहीं माना जाएगा कि आपके स्कूल ने आपके बच्चे को वे सेवाएं न देने के संबंध में आपके बच्चे को एफ़. ए. पी. ई. प्रदान करने की आवश्यकता का उल्लंघन किया है; और विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए आपके बच्चे हेतु ए. आर. डी. समिति का गठन करना या आई. ई. पी. विकसित करना आवश्यक नहीं होगा, जिसके लिए आपकी सहमति का अनुरोध किया गया था।

यदि आप अपने बच्चे को पहले विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने के बाद किसी भी समय लिखित रूप में अपनी सहमति वापस ले लेते हैं, तो स्कूल ऐसी सेवाएं जारी रखने के लिए बाध्य नहीं होगा, लेकिन उसे उन सेवाओं को बंद करने से पहले आपको पूर्व लिखित सूचना प्रदान करनी होगी, जैसा कि पूर्व लिखित सूचनाशीर्षक के तहत वर्णित है।

पुनर्मूल्यांकन

विद्यालय को आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए आपकी सहमति अवश्य प्राप्त करनी होगी, बशर्ते वह यह न दर्शा सके कि उसने आपकी सहमति प्राप्त करने के समुचित प्रयास किए और आप उत्तर देने में विफल रहे।

अध्यारोहण (ओवरराइड) कार्यविधियां— यदि आपका बच्चा जन विद्यालय (पब्लिक स्कूल) में नामांकित है और आप आरंभिक मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन हेतु सहमति देने से इनकार कर देते हैं तो, विद्यालय मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई कार्यविधियों का उपयोग करके आपके बच्चे के मूल्यांकन को आगे बढ़ा सकता है, पर ऐसा करना विद्यालय के लिए आवश्यक नहीं है। यदि आपका बच्चा पब्लिक विद्यालय में दाखिल है या आप अपने बच्चे को पब्लिक विद्यालय में दाखिला दिलाना चाहते हैं और आपने प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति प्रदान करने से इंकार कर दिया है या आप जवाब देने में विफल रहे हैं, तो आपका स्कूल आई. डी. ई. ए. की मध्यस्थता या सम्यक प्रक्रिया की शिकायत, समाधान बैठक और निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई प्रक्रियाओं का उपयोग करके आपके बच्चे का प्रारंभिक मूल्यांकन करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन ऐसा आवश्यक नहीं है। यदि आपका विद्यालय इन परिस्थितियों में आपके बच्चे का मूल्यांकन नहीं करता है, तो वह आपके बच्चे का पता लगाने, पहचानने और मूल्यांकन करने के अपने दायित्वों का उल्लंघन नहीं करेगा।

यदि आप अपने बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से इनकार करते हैं, तो विद्यालय, आपके बच्चे के पुनर्मूल्यांकन करने की आपकी असहमति को ओवरराइड करने की कोशिश करने के लिए, मध्यस्थता या सम्यक प्रक्रिया की शिकायत, समाधान बैठक और निष्पक्ष सम्यक प्रक्रिया सुनवाई प्रक्रियाओं का उपयोग करके आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन ऐसा आवश्यक नहीं है। प्रारंभिक मूल्यांकन की बात करें, तो आपका विद्यालय अगर इस तरीके से पुनर्मूल्यांकन को आगे बढ़ाने से मना करता है, तो यह आई. डी. ई. ए. के तहत उसके दायित्वों का उल्लंघन नहीं होगा।

यदि किसी बच्चे के माता-पिता, जो बच्चे को घर पर ही या अपने स्वयं के खर्च पर एक निजी विद्यालय में पढ़ाते हैं, प्रारंभिक मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति प्रदान नहीं करते हैं या माता-पिता सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब देने में विफल रहते हैं, तो हो सकता है कि विद्यालय ऊपर वर्णित आई. डी. ई. ए. की सहमति ओवरराइड प्रक्रियाओं का उपयोग न करें। यह भी आवश्यक नहीं कि जिला विद्यालय आपके बच्चे को समान सेवाएं (कुछ निजी स्कूल में दाखिल किए गए विकलांग बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई सेवाएं) प्राप्त करने के योग्य माने।

विद्यालय द्वारा आपके बच्चे के मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के भाग के रूप में मौजूदा आँकड़ों की समीक्षा करने या सभी

बच्चों को दिया जाने वाला कोई परीक्षण या अन्य मूल्यांकन से पहले आपकी सहमति आवश्यक नहीं है, बशर्ते सभी बच्चों के लिए पालक की सहमति आवश्यक न हो। विद्यालय किसी एक सेवा या गतिविधि पर आप द्वारा सहमति देने से किए गए इनकार का उपयोग आप या आपके बच्चे को कोई अन्य सेवा, लाभ या गतिविधि देने से इनकार करने के लिए नहीं कर सकता है।

स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन

स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (आई. ई. ई.) किसी ऐसे योग्य व्यक्ति द्वारा संचालित मूल्यांकन है जो विद्यालय द्वारा नियुक्त नहीं है। यदि आप अपने बच्चे के स्कूल द्वारा प्राप्त किए, बच्चे के मूल्यांकन से असहमत हैं, तो आपको अपने बच्चे का आई. ई. ई. प्राप्त करने का अधिकार है। जब आप आई. ई. ई. की मांग करते हैं, तो विद्यालय को अपने मूल्यांकन मानदंडों के बारे में तथा आई. ई. ई. कहां से प्राप्त किया जाए इस बारे में जानकारी अवश्य देनी होगी।

सार्वजनिक खर्च पर आई. ई. ई.

यदि आप विद्यालय द्वारा प्रदत्त मूल्यांकन से असहमत हैं, तो आपके पास यह अनुरोध करने का अधिकार है कि आपके बच्चे का मूल्यांकन, जनता के व्यय पर, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाए जो विद्यालय के लिए कार्य नहीं करता है।

जनता के व्यय का अर्थ है कि या तो विद्यालय मूल्यांकन की पूरी लागत का भुगतान करेगा या यह सुनिश्चित करेगा कि वह मूल्यांकन आपको निःशुल्क प्रदान किया जाए।

यदि आप जनता के व्यय पर अपने बच्चे के आई. ई. ई. का अनुरोध करते हैं, तो आपके विद्यालय को अनावश्यक देरी के बिना, इनमें से कोई काम करना होगा: **या तो** (a) एक सम्यक प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करके यह दिखाने के लिए सुनवाई का अनुरोध करना कि आपके बच्चे का यह मूल्यांकन उचित है; **या** (b) जनता के व्यय पर एक आई. ई. ई. प्रदान करें, जब तक कि विद्यालय सुनवाई में यह प्रदर्शित नहीं करता है कि आपके बच्चे का मूल्यांकन जो आपने प्राप्त किया है वह स्कूल के मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

आप विद्यालय द्वारा संचालित हर उस मूल्यांकन, जिससे आप असहमत हैं, के होने पर जनता के व्यय पर केवल एक बार आई. ई. ई. के लिए पात्र हैं।

यदि आप अपने बच्चे के आई. ई. ई. के लिए अनुरोध करते हैं, तो विद्यालय आपसे पूछ सकता है कि आपको अपने विद्यालय द्वारा प्राप्त बच्चे के मूल्यांकन पर आपत्ति क्यों है। हालांकि, संभावित रूप से, आपके विद्यालय को स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं हो सकती है और आपके बच्चे के आई. ई. ई. को जनता के व्यय पर उपलब्ध कराने या आपके बच्चे के विद्यालय के मूल्यांकन का बचाव करने के लिए एक सम्यक प्रक्रिया की सुनवाई का अनुरोध करने के लिए एक सम्यक प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करने में अनुचित रूप से देरी देरी नहीं कर सकते हैं।

आई. ई. ई. मानदंड

यदि कोई आई. ई. ई. जनता के व्यय पर है, तो जिस मानदंड के तहत मूल्यांकन प्राप्त किया गया है उसे, विद्यालय द्वारा आरंभ किए गए मूल्यांकन के समय पर विद्यालय द्वारा प्रयुक्त मानदंड के समान होना चाहिए (उस सीमा तक जहां वे मानदंड आई. ई. ई. के आपके अधिकार के साथ सुसंगत हों) और इस मानदंड में मूल्यांकन का स्थान और परीक्षक की योग्यताएं भी शामिल हैं। ऊपर वर्णित मानदंड को छोड़ कर, विद्यालय जनता के व्यय पर आई. ई. ई. प्राप्त करने के संबंध में शर्तें या समय-सीमाएं नहीं लगा सकता है।

सुनवाई अधिकारी द्वारा निर्धारण

यदि विद्यालय उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए एक उचित प्रक्रिया की शिकायत दर्ज करता है और सुनवाई अधिकारी द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि विद्यालय का मूल्यांकन उपयुक्त है अथवा यह कि आपने जो आई. ई. ई. प्राप्त किया है वह विद्यालय के मानदंड की पूर्ति नहीं करता है, तो विद्यालय को आई. ई. ई. हेतु भुगतान नहीं करना होगा।

निजी व्यय पर आई. ई. ई.

आपके पास हमेशा ही अपने स्वयं के व्यय पर आई. ई. ई. प्राप्त करने का अधिकार है। भले ही आई. ई. ई. के लिए भुगतान कोई भी करे, यदि वह विद्यालय के मानदंड की पूर्ति करता है तो विद्यालय को आपके बच्चे को एफ़. ए. पी. ई. प्रदान करने से संबंधित हर निर्णय में आई. ई. ई. को विचार में अवश्य लेना होगा। आप उचित प्रक्रिया सुनवाई में आई. ई. ई. को प्रमाण के रूप में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

सुनवाई अधिकारी द्वारा आदेशित आई. ई. ई.

यदि कोई सुनवाई अधिकारी उचित प्रक्रिया सुनवाई के भाग

के रूप में आई. ई. ई. को आदेश देता है तो विद्यालय को भुगतान करना होगा।

विकलांग बच्चों को अनुशासित करने की प्रक्रियाएं

स्कूल कर्मचारियों का अधिकार

केसनिर्धारण केस-दर

विद्यालय के कार्मिक यह निर्धारित करते समय केस-दर-केस आधार पर किसी भी अनूठी परिस्थितियों पर विचार कर सकते हैं, कि अनुशासन से संबंधित शर्तों के अनुसार किया गया स्थानन में बदलाव, विद्यालय की विद्यार्थी आचरण संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी विकलांग बच्चे के लिए उपयुक्त है या नहीं।

सामान्य

इस हद तक कि वे आम बच्चों के लिए भी इस तरह की कार्रवाई करते हों, लेकिन स्कूल के कर्मचारी एक विकलांग बच्चे को, जो उसके वर्तमान स्थान से विद्यार्थी आचार संहिता का उल्लंघन करता है, अपनी वर्तमान मौजूदा नियुक्ति से हटाकर उपयुक्त अंतरिम वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग (आई. ए. ई. एस.), एक अन्य सेटिंग में भेज सकते हैं, या निलंबित कर सकते हैं, लेकिन यह लगातार 10 विद्यालय दिवस से ज्यादा नहीं हो सकता है। विद्यालय के कर्मचारी दुराचार की अलग-अलग घटनाओं के लिए बच्चे को एक ही विद्यालय वर्ष में लगातार 10 स्कूली दिनों तक अतिरिक्त निष्कासन कर सकते हैं, जब तक कि ऐसे निष्कासनों में स्थान का परिवर्तन न न होता हो (परिभाषा के लिए अनुशासनात्मक निष्कासन की वज़ह से स्थान परिवर्तन शीर्षक देखें)। एक बार किसी विकलांग बच्चे को एक ही विद्यालय वर्ष में कुल 10 विद्यालय दिनों के लिए उसके वर्तमान स्थान से हटा दिया गया हो, तो विद्यालय को उस विद्यालय वर्ष में हटाए जाने के बाद के दिनों के दौरान, नीचे दी गई उप-शीर्षक सेवाओं के तहत आवश्यक सीमा तक सेवाएं प्रदान करनी होंगी।

अतिरिक्त अधिकार

यदि विद्यार्थी का आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला व्यवहार बच्चे की विकलांगता का प्रकटीकरण नहीं था, और स्थान का अनुशासनात्मक परिवर्तन 10 विद्यालय दिनों से अधिक हो, तो स्कूल के कर्मचारी उसी तरीके से और उतनी ही अवधि के लिए उस विकलांग बच्चे के प्रति अनुशासनात्मक प्रक्रिया लागू कर सकते हैं, जैसे कि वह किसी सेहतमंद बच्चे के लिए लागू की जाती है, सिवाय इसके कि विद्यालय को उस बच्चे को सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जैसा कि नीचे सेवाओं के तहत वर्णन किया गया है। बच्चे की ए. आर. डी. समिति सेवाओं के लिए आई. ए. ई. एस. निर्धारित करती है।

सेवाएं

जिला विद्यालय विकलांगता या बिना विकलांगता वाले ऐसे बच्चे को सेवाएं प्रदान नहीं करता है, जिसे उस विद्यालय वर्ष में 10 या उससे कम दिनों के लिए उसके वर्तमान स्थान से हटा दिया गया है।

एक विकलांग बच्चा जिसे 10 से अधिक विद्यालय दिनों के लिए बच्चे के वर्तमान स्थान से हटा दिया गया हो और जिसका व्यवहार बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति नहीं है या जिसे विशेष परिस्थितियों में हटाया जाता है, उसे:

- शैक्षिक सेवाएं प्राप्त करना जारी रख चाहिए (एक एफ. ए. पी. ई उपलब्ध हो), ताकि बच्चा सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में भाग लेना जारी रखने में सक्षम हो सके, हालांकि एक और सेटिंग में (जो कि आई. ए. ई. एस. हो सकता है), और बच्चे के आई. ई. पी. में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रगति कर सके; तथा
- उपयुक्त रूप से, एक कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन और व्यवहार हस्तक्षेप सेवाएं और संशोधन प्राप्त करें, जो व्यवहार उल्लंघन को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं ताकि यह फिर से न हो।

अगर एक विकलांग बच्चे को उसके उसी विद्यालय वर्ष में 10 विद्यालय दिनों के लिए उसके वर्तमान स्थान से हटा दिया गया है, और यदि मौजूदा निष्कासन लगातार 10 विद्यालय दिनों या उससे कम समय के लिए है और यदि निष्कासन के स्थान में परिवर्तन नहीं हुआ है (नीचे परिभाषा देखें), तब स्कूल के कर्मचारी, बच्चे के कम से कम एक शिक्षक के परामर्श से, यह निर्धारित करते हैं कि बच्चे को सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में भाग लेने में, हालांकि एक और सेटिंग में, और बच्चे के आई. ई. पी. में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रगति करने में सक्षम बनाने के लिए किस हद तक सेवाओं की आवश्यकता है।

यदि निष्कासन की जगह में बदलाव किया गया है, तो बच्चे ए. आर. डी. समिति उपयुक्त सेवाओं को निर्धारित करती है ताकि बच्चा सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में भाग ले सके, एक अन्य सेटिंग में (जो कि आई. ए. ई. एस. हो सकती

बच्चे के आई. ई. पी. में तय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रगति करे।

अभिव्यक्ति का निर्धारण

विद्यार्थी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण विकलांग बच्चे का स्थान बदलने के किसी भी निर्णय के 10 विद्यालय दिनों के भीतर (एक निष्कासन को छोड़कर जो 10 विद्यालय दिनों या उससे कम समय के लिए है और जगह नहीं बदली गई है), विद्यालय, आप, और ए. आर. डी. समिति के संबंधित सदस्यों (जैसा कि आपके और स्कूल द्वारा निर्धारित किया गया है) को सभी संबंधित जानकारी की समीक्षा करनी चाहिए, जिसमें बच्चे की आई. ई. पी., किसी भी शिक्षक की टिप्पणियां, और आपके द्वारा कोई भी प्रासंगिक जानकारी शामिल है, जो निम्न बातें निर्धारित करे:

- क्या यह विवादित आचरण बच्चे की विकलांगता के कारण था या उसके साथ सीधा और पर्याप्त संबंध था; या
- क्या विवादित आचरण बच्चे की आई. ई. पी. को लागू करने में स्कूल की विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम था।

यदि विद्यालय, आप, और ए. आर. डी. समिति के संबंधित सदस्यों को यह समझ आता है कि इनमें से कोई भी एक या दोनों वज़ह है, तो आचरण को बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति माना जाना चाहिए।

यदि विद्यालय, आप, और बच्चे की ए. आर. डी. समिति के संबंधित सदस्यों को यह समझ आता है कि विचाराधीन आचरण आई. ई. पी. लागू करने में स्कूल की विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम था, तो स्कूल को उन कमियों को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

य निर्धारित करना कि व्यवहार बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति था

ययदि स्कूल, आप और ए. आर. डी. समिति के संबंधित सदस्य यह निर्धारित करते हैं कि आचरण बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति था, तो ए. आर. डी. समिति को इनमें से कोई काम करना चाहिए:

- प्रकार्यात्मक व्यवहार का मूल्यांकन करें, अगर स्कूल ने उस व्यवहार से पहले एक कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन न किया हो, जिसकी वज़ह से स्थान में परिवर्तन हुआ है, और बच्चे के लिए एक व्यवहार हस्तक्षेप योजना लागू करें; या
- यदि पहले से ही एक व्यवहार हस्तक्षेप योजना लागू कर दी गई है, तो व्यवहार हस्तक्षेप योजना की समीक्षा करें और व्यवहार सुधारने के लिए इसे आवश्यकतानुसार संशोधित करें।

विशेष परिस्थितियों अनुभाग के तहत नीचे वर्णित परिस्थितियों के अलावा, विद्यालय को आपके बच्चे को उस स्थान में वापस लाना होगा, जहां से आपका बच्चा हटा दिया गया था, जब तक कि आप और जिला व्यवहार हस्तक्षेप योजना के संशोधन के रूप में स्थान में बदलाव के लिए सहमत नहीं होते।

विशेष परिस्थितियां

चाहे वह व्यवहार आपके बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति हो या नहीं, विद्यालय के कर्मचारी एक छात्र को आई. ए. ई. एस. (बच्चे की एआरडी समिति द्वारा निर्धारित) में 45 से अधिक विद्यालय दिनों के लिए नहीं निकाल सकते है, जब तक कि आपका बच्चा:

- विद्यालय में हथियार (नीचे की परिभाषा देखें) लाता है या विद्यालय में, विद्यालय के परिसर में, या टी. ई. ए. या विद्यालय के अधिकार क्षेत्र में हुए विद्यालय के समारोह में हथियार रखा हो;
- विद्यालय में, विद्यालय के परिसर में, या टी. ई. ए. या विद्यालय के अधिकार क्षेत्र में हुए विद्यालय के समारोह में, जान-बूझकर अवैध ड्रग्स रखा हो या अवैध ड्रग्स का उपयोग करता हो (नीचे की परिभाषा देखें), या नियंत्रित पदार्थ बेचता हो या बिक्री में मदद करता हो, (नीचे की परिभाषा देखें); या
- विद्यालय में, विद्यालय के परिसर में, या टी. ई. ए. या विद्यालय के अधिकार क्षेत्र में हुए विद्यालय के समारोह में किसी अन्य व्यक्ति पर हमला करके उसे गंभीर शारीरिक चोट (नीचे की परिभाषा देखें) पहुंचाई हो।

परिभाषाएं

नियंत्रित पदार्थ का अर्थ है वह ड्रग या अन्य पदार्थ जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम (21 यू. एस. सी 812(सी)) की धारा 202 (सी) में अनुसूची I, II, III, IV, या V के तहत जाने जाते हैं।

अवैध ड्रग्स का मतलब एक नियंत्रित पदार्थ है, लेकिन इसमें वह नियंत्रित पदार्थ शामिल नहीं है जो कानूनी रूप से किसी लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर की देखरेख में उपयोग किया जाता है या जिसे उस अधिनियम या फेडरल कानून के किसी भी अन्य प्रावधान के तहत किसी भी अधिकारी द्वारा रखा या उपयोग किया जाता है।

गंभीर शारीरिक चोट का अर्थ शीर्षक 18, संयुक्त राज्य अमेरिका कोड की धारा 1365 की उपधारा (एच) के अनुच्छेद (3) के तहत गंभीर शारीरिक चोट शब्द में दिया गया है।

हथियार का अर्थ शीर्षक 18, संयुक्त राज्य अमेरिका कोड की धारा 930 की पहली उपधारा (जी) के अनुच्छेद (2) के तहत खतरनाक हथियार में दिया गया है।

अधिसूचना

विद्यार्थी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण आपके बच्चे के स्थान में बदलाव करने वाला निष्कासन करने का फैसला लेने की तारीख पर, विद्यालय जिले को आपको उस निर्णय की सूचना देनी होगी, और आपको एक प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना देनी होगी।

अनुशासनात्मक निष्कासन के कारण स्थापन में बदलाव

आपके विकलांग बच्चे के मौजूदा शैक्षिक स्थान से उसे निष्कासित करना स्थापन में बदलाव करना है, यदि:

- निष्कासन लगातार **10** से अधिक विद्यालय दिनों के लिए है; या
- आपके बच्चे को कई बार निष्कासित किया गया है, जिससे एक पैटर्न बनता है क्योंकि:
    - एक विद्यालय वर्ष में कुल **10** से अधिक विद्यालय दिनों के लिए निष्कासित किया गया है;
    - आपके बच्चे का व्यवहार काफी हद तक पिछली घटनाओं के समय दिखाए गए बच्चे के व्यवहार के समान ही है, परिणामस्वरूप कई निष्कासन किए थे; और
    - कुछ अतिरिक्त कारक जैसे कि हर निष्कासन की अवधि, आपके बच्चे को कुल कितनी बार निष्कासित किया गया है, और दो निष्कासनों के बीच का समय।

हटाए जाने की अवधियों का पैटर्न, स्थापन में परिवर्तन का गठन करता है या नहीं इसका निर्धारण मामला-दर-मामलाके आधार पर विद्यालय द्वारा किया जाता है, और यदि इसे चुनौती दी जाए तो, इसकी उचित प्रक्रिया एवं न्यायिक कार्यवाहियों के माध्यम से समीक्षा की जा सकती है।

सेटिंग का निर्धारण

ए. आर. डी . समिति उन निष्कासनों के लिए करती है जिनमें स्थान परिवर्तित किया जाता है, और अतिरिक्त प्राधिकरण और विशेष परिस्थितियों के अनुभागों में निष्कासन करती है।

अपील

सामान्य

यदि आप इनसे असहमत हैं, तो एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए आप एक सम्यक प्रक्रिया शिकायत दर्ज करा सकते हैं:

- अनुशासन प्रावधानों के तहत किए गए स्थापन में बदलाव के बारे में कोई भी निर्णय; या
- ऊपर वर्णित अभिव्यक्ति निर्धारण।

विद्यालय यदि यह मानता है कि आपके बच्चे के वर्तमान स्थापन को बनाए रखने से आपके बच्चे या दूसरों को चोट लगने की संभावना है, तो वह एक सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए सम्यक प्रक्रिया की शिकायत दर्ज कर सकता है।

सुनवाई अधिकारी का अधिकार

सम्यक प्रक्रिया कार्यविधियों पर अनुभाग में वर्णित आवश्यकता को पूरा करने वाले सुनवाई अधिकारी को सम्यक प्रक्रिया सुनवाई का संचालन करना चाहिए और निर्णय लेना चाहिए। सुनवाई अधिकारी ये काम कर सकता है:

- आपके विकलांग बच्चे को वापस उस स्थापन पर भेज सकता है, जहां से आपका बच्चा हटा दिया गया था, अगर सुनवाई अधिकारी यह निर्धारित करता है कि यह निष्कासन स्कूल के कार्मिक प्राधिकरण के अधीन वर्णित शर्तों का उल्लंघन था, या आपके बच्चे के व्यवहार में आपके बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति थी; या

- आपके विकलांग बच्चे के स्थान को एक उपयुक्त आईएईएस में अधिकतम **45** दिनों के लिए बदलने का आदेश देना यदि सुनवाई अधिकारी यह निर्धारित करता है कि आपके बच्चे के वर्तमान स्थापन को बनाए रखने से आपके बच्चे या दूसरों को चोट लगने की संभावना है।

इन सुनवाई गतिविधियों को दोहराया जा सकता है, यदि स्कूल यह मानता है कि आपके बच्चे के मूल विद्यालय में वापस आने से आपके बच्चे या दूसरों को चोट लगने की संभावना है।

जब भी आप या कोई विद्यालय इस तरह की सुनवाई का अनुरोध करने के लिए एक सम्यक प्रक्रिया की शिकायत करता है, तो सुनवाई निम्न सम्यक प्रक्रिया गतिविधियों पर अनुभाग में वर्णित शर्तों को पूरा करने वाली होनी चाहिए, निम्न को छोड़कर:

- टीईए या विद्यालय को एक शीघ्र सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए प्रबंध करना चाहिए, जो सुनवाई के अनुरोध के **20** विद्यालय दिनों के भीतर हो जानी चाहिए और सुनवाई के बाद **10** विद्यालय दिनों के भीतर निर्धारण का परिणाम मिल जाना चाहिए।

- जब तक कि आप और विद्यालय बैठक न करने के लिए लिखित रूप में सहमत न हों, या मध्यस्थता का उपयोग करने के लिए सहमत न हों, तब तक सम्यक प्रक्रिया की शिकायत का नोटिस मिलने के सात कैलेंडर दिनों के भीतर समाधान बैठक होनी चाहिए। अगर सम्यक प्रक्रिया की शिकायत मिलने के **15** कैलेंडर दिनों के अंदर मामले के समाधान से दोनों पक्षों की संतुष्टि न हुई हो, तो सुनवाई आगे बढ़ सकती है।

- एक राज्य अन्य सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के लिए स्थापित की गई कार्यविधिक नियमों की तुलना में शीघ्र सम्यक प्रक्रिया की सुनवाई के लिए अलग कार्यविधिक नियमों स्थापित कर सकता है, लेकिन समयसीमा को छोड़कर, उन नियमों को सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के संबंध में इस दस्तावेज में नियमों के अनुरूप होना चाहिए।

आप या विद्यालय अन्य सम्यक प्रक्रिया की सुनवाइयों के निर्णयों की तरह ही शीघ्र सम्यक प्रक्रिया सुनवाई के निर्णय की अपील कर सकते हैं, जैसा कि नीचे दी गई सिविल अधिनियमों की धारा में वर्णित है।

अपील के दौरान निर्धारित स्थान

जैसा कि ऊपर वर्णित है, जब आप या विद्यालय अनुशासनात्मक मामलों से संबंधित एक सम्यक प्रक्रिया शिकायत दर्ज करते हैं, तो तो आपका बच्चा (जब तक आप और टीईए या स्कूल सहमत नहीं हो जाते) सुनवाई अधिकारी के निर्णय के दौरान आईएईएस में चाहिए, या विद्यालय कार्मिक के शीर्ष प्राधिकारी के अंतर्गत

उपलब्ध और वर्णित समय अवधि की समाप्ति तक, जो भी पहले होता है।

विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए अपात्र बच्चों सुरक्षा

सामान्य

यदि आपके बच्चे को अभी तक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए योग्य नहीं माना गया है और वह छात्र आचार संहिता का उल्लंघन करता है, लेकिन विद्यालय को अनुशासनात्मक कार्रवाई की वजह बनने वाले बर्ताव से पहले ही इस बात का ज्ञान था)जैसा कि नीचे निर्धारित किया कि आपका बच्चा एक विकलांग था, तब आपका बच्चा सूचना में वर्णित किसी भी संरक्षण का दावा कर सकता है।

अनुशासनात्मक मामलों के लिए ज्ञान का आधार

अनुशासनात्मक कार्रवाई की वज़ह बनने वाले बर्ताव से पहले, एक विद्यालय को इस बात का ज्ञान होगा कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रसित है:

- आपने उपयुक्त शैक्षिक एजेंसी के पर्यवेक्षी या प्रशासनिक कर्मियों या अपने बच्चे के शिक्षक के समक्ष लिखित में चिंता व्यक्त की कि आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की आवश्यकता है;

- आपने आईडीईए भाग **B** के अंतर्गत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं से संबंधित मूल्यांकन का अनुरोध किया; या

- आपके बच्चे के शिक्षक या अन्य विद्यालय कर्मियों सीधे विद्यालय के विशेष शिक्षा निदेशक को या विद्यालय के अन्य पर्यवेक्षी कर्मियों के समक्ष बच्चे द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले व्यवहार के पैटर्न के बारे में खास चिंता व्यक्त की।

अपवादें, एक स्कूल को इस तरह के ज्ञान के लिए नहीं माना जाएगा यदि:

- आपने अपने बच्चे के मूल्यांकन की अनुमति नहीं दी है या विशेष शिक्षा की सेवाओं से इनकार कर दिया है; या

- आपके बच्चे का मूल्यांकन किया गया है और यह पाया गया कि वह . आईडीईए पार्ट बी के तहत विकलांग बच्चा नहीं है।

जानकारी का कोई आधार नहीं होने पर लागू होने वाली शर्तें

यदि आपके बच्चे के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने से पहले, किसी विद्यालय को इस बात का ज्ञान नहीं है कि आपका बच्चा विकलांगता से पीड़ित बच्चा है, जैसा कि ऊपर अनुशासनात्मक मामलों के बीच ज्ञान का आधार और अपवाद में वर्णित है, तो आपके बच्चे के साथ वे अनुशासनात्मक कार्रवाइयां की जा सकती हैं, जो ऐसे ही बर्ताव करने वाले बिना विकलांग बच्चों के साथ की जाती हैं। हालांकि, यदि उस अवधि, जिसमें आपके बच्चे पर अनुशासनिक उपाय लागू किए गए हैं, के दौरान मूल्यांकन का अनुरोध किया जाता है, तो मूल्यांकन शीघ्रता से संचालित किया जाना आवश्यक है। जब तक मूल्यांकन पूर्ण नहीं हो जाता तब तक, आपका बच्चा विद्यालय प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित शैक्षिक स्थापन में रहेगा, इसमें शैक्षिक सेवाओं के बिना निलंबन या निष्कासन शामिल हो सकता है। यदि पता चलता है कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रस्त बच्चा है, तो विद्यालय द्वारा किए गए मूल्यांकन से मिली जानकारी और आपके द्वारा दी गई जानकारी को ध्यान में रखते हुए, विद्यालय को आई. डी. ई. ए. पार्ट बी के अनुसार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करनी चाहिए, जिसमें ऊपर वर्णित अनुशासनात्मक शर्तें शामिल हैं।

विधि प्रवर्तन एवं न्यायिक प्राधिकारियों को निर्दिष्ट (रिफ़रल) उनके द्वारा कार्रवाई

आई. डी. ई. ए. पार्ट बी ये काम नहीं करता है:

- किसी एजेंट को विद्यालय को निःशक्तता –पीड़ित बच्चे द्वारा किए गए अपराध की सूचना उपयुक्त

प्राधिकारियों को देने से प्रतिबंधित नहीं करता है;

- टेक्सास विधि प्रवर्तन एवं न्यायिक प्राधिकारियों को, निःशक्तता-पीड़ित बच्चे द्वारा किए गए अपराधों पर संघीय एवं राज्य कानूनों के लागूहोने के संबंध में उनके उत्तरदायित्वों के निर्वहन से नहीं रोकता है।

रिकॉर्ड्स का प्रसारण

यदि कोई विद्यालय निःशक्तता-पीड़ित बच्चे द्वारा किए गए किसी अपराध की सूचना देता है, तो विद्यालय को निम्न कार्य करने होंगे:

- यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे के विशेष शिक्षा एवं अनुशासन संबंधी अभिलेख उन प्राधिकारियों द्वारा विचार किए जाने हेतु प्रसारित कर दिए जाएं जिन्हें एजेंसी ने अपराध की सूचना दी है; और

- परिवार शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (एफ. ई. आर. पी. ए.) द्वारा अनुमत सीमा तक ही बच्चे की विशेष शिक्षा और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड की प्रतियां प्रेषित कर सकते हैं।

सूचना की गोपनीयता

जैसा कि इस अनुभाग में उपयोग किया गया है:

विनाश का अर्थ है भौतिक विनाश या सूचना से व्यक्तिगत पहचानकर्ताओं को हटाना ताकि जानकारी अब व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य न रह जाए।

शिक्षा के रिकॉर्ड का अर्थ है, 34 सीएफआर भाग 99 (1974 का पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (एफ. ई. आर. पी. ए.) को लागू करने वाले विनियम, 20 यू. एस. सी. 1232जी) में वर्णित शिक्षा रिकॉर्ड की परिभाषा के तहत कवर किए गए विभिन्न प्रकार के रिकॉर्ड।

भाग लेने वाली एजेंसी का मतलब है कोई भी विद्यालय जिला, एजेंसी या संस्था जो व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी एकत्र करती है, रखती है या उसका उपयोग करती है, या जिससे जानकारी प्राप्त की जाती है, आई. डी. ई. ए. पार्ट बी के तहत।

व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी में शामिल है: आपके बच्चे का नाम, पालक के रूप में आपका नाम या अन्य किसी परिजन का नाम; आपका पता; कोई व्यक्तिगत अभिज्ञापक/आइडेंटिफ़ायर (जैसे सामाजिक सुरक्षा संख्या); या ऐसे अभिलक्षणों की सूची जो समुचित निश्चितता के साथ आपके बच्चे की पहचान संभव बना दें।

आपके पास विशेष शिक्षा से संबंधित भागों समेत, आपके बच्चे के संपूर्ण शिक्षा अभिलेख की समीक्षा का अधिकार है। विद्यालय यह मान सकता है कि आपके पास आपके बच्चे से संबंधित अभिलेखों के निरीक्षण और समीक्षा का अधिकार है, बशर्ते उसे यह सूचित न किया गया हो कि संरक्षकत्व, अलगाव एवं तलाक जैसे मामलों का नियंत्रण करने वाले लागू राज्य कानूनों के तहत आपके पास प्राधिकार नहीं है। आप किसी अन्य व्यक्ति को भी आपके बच्चे के अभिलेख की समीक्षा की अनुमति दे सकते हैं। जब आप अभिलेखों की समीक्षा की मांग करेंगे, तो विद्यालय को अनुचित विलंब के बिना और आपके बच्चे के आई. ई. पी. की बैठक से पहले, किसी उचित प्रक्रिया सुनवाई या समाधान सत्र से पहले, और हर हालत में अनुरोध की तिथि के बाद अधिकतम 45 कैलेंडर दिनों के अंदर उन्हें उपलब्ध कराना होगा।

स्पष्टीकरण,प्रतियां एवं शुल्क

यदि आप मांग करें, तो विद्यालय को समुचित सीमा तक, अभिलेखों की व्याख्या एवं विवेचना करनी होगी। यदि आपको अभिलेखों के निरीक्षण एवं उनकी समीक्षा में समर्थ बनाने का एकमात्र तरीका अभिलेखों की प्रतियां बनाना हो तो विद्यालय को ऐसा करना होगा। विद्यालय आपके बच्चे के बारे में किसी शैक्षिक अभिलेख को खोजने या उसे पुनःप्राप्त करने के लिए कोई शुल्क नहीं ले सकता है। हालांकि, वह प्रतिलिपि करने के लिए शुल्क ले सकता है, बशर्ते वह शुल्क आपको अभिलेखों का निरीक्षण और उनकी समीक्षा में समर्थ बनने से वंचित न करे।

एक से अधिक बच्चे की जानकारी

यदि किसी शैक्षिक अभिलेख में एक से अधिक बच्चे की जानकारी है, तो आपके पास केवल आपके बच्चे से संबंधित जानकारी का निरीक्षण एवं समीक्षा करने का, या केवल उसी विशिष्ट जानकारी से अवगत कराए जाने का अधिकार है।

आपके पास विद्यालय द्वारा एकत्रित, रखे गए या प्रयुक्त शैक्षिक अभिलेखों के प्रकारों एवं स्थानों की सूची का अनुरोध करने एवं वह सूची प्राप्त करने का अधिकार है।

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी प्रकट करने की सहमति

जब तक जानकारी शिक्षा रिकॉर्ड में निहित नहीं होती है, और इसे प्रकट करना एफ. ई. आर. पी. ए. के तहत अभिभावक की सहमति के बिना अधिकृत नहीं किया जाता है, प्रतिभागी एजेंसियों के अधिकारियों के अलावा अन्य पक्षों के लिए व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी प्रकट करने से पहले आपकी सहमति ली जानी चाहिए। आई. डी. ए. पार्ट बी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिभागी एजेंसियों के अधिकारियों के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी जारी करने से पहले आपकी सहमति की आवश्यकता नहीं है।

प्रसारण सेवाएं प्रदान करने या भुगतान करने के लिए भाग लेने वाली एजेंसियों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी जारी करने से पहले, आपकी सहमति, या राज्य के कानून के तहत बालिग हो चुके योग्य बच्चे की सहमति ली जानी चाहिए।

यदि आपका बच्चा किसी ऐसे निजी विद्यालय में दाखिल है, या दाखिला लेने वाला है, जो उसी स्कूल जिला में नहीं है जहां आप रहते हैं, तो जिस स्कूल जिला में निजी विद्यालय मौजूद है उनके अधिकारियों और आपके निवास के स्कूल जिले के अधिकारियों के बीच आपके बच्चे के बारे में व्यक्तिगत रूप से पहचानी जाने वाली किसी भी सूचना को जारी करने से पहले आपकी सहमति ली जानी चाहिए।

विद्यालय को आपके बच्चे के विशेष शिक्षा अभिलेखों की समीक्षा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति आप और प्राधिकृत विद्यालय अधिकारियों को छोड़ कर, की (लॉग) बना कर रखनी चाहिए, बशर्ते आपने प्रकटन के लिए सहमति न दी हो। इस लॉग में व्यक्ति का नाम, पहुंच प्रदान की जाने की तिथि तथा जिस उद्देश्य के लिए उस व्यक्ति को अभिलेखों के उपयोग के लिए प्राधिकृत किया गया है वह उद्देश्य शामिल होने चाहिए।

विद्यालय के किसी एक अधिकारी को किसी भी व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी की गोपनीयता सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व धारण करना होगा। व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी एकत्र या प्रयोग करने वाले सभी व्यक्तियों को आई. डी. ई. ए . एवं एफ़. ई. आर. पी. ए . के तहत राज्य की नीतियों एवं कार्यविधियों के संबंध में प्रशिक्षण या मिलने चाहिए। प्रत्येक विद्यालय को, सार्वजनिक निरीक्षण के विद्यालय के उन कर्मचारियों के नाम व पदों की वर्तमान सूची कायम रखनी होगी जिनके पास व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी तक पहुंच हो सकती है।

अभिलेखों में संशोधन करना

यदि आपका मानना है कि आपके बच्चे के शैक्षिक अभिलेख अशुद्ध या भ्रामक हैं या वे आपके बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, तो आप विद्यालय से जानकारी में संशोधन की मांग कर सकते हैं। विद्यालय को उचित समय के अंदर यह निर्णय करना होगा कि जानकारी में संशोधन करना है या नहीं। यदि विद्यालय अनुरोध के अनुसार जानकारी में संशोधन करने से इनकार कर देता है, तो उसे आपको इस इनकार के बारे में और अभिलेखों में मौजूद जानकारी को चुनौती देने के लिए आपके सुनवाई के अधिकार के बारे में सूचित करना होगा। इस प्रकार की सुनवाई एफ़. ई. आर. पी. ए . के तहत एक स्थानीय सुनवाई होती है, न कि किसी निष्पक्ष सुनवाई अधिकारी के समक्ष आयोजित आई. डी. ए. ए . उचित प्रक्रिया सुनवाई।

यदि, सुनवाई के परिणामस्वरूप, विद्यालय यह निर्णय करे कि जानकारी अशुद्ध या भ्रामक नहीं है, अथवा अन्यथा रूप से, आपके बच्चे के निजता के या अन्य अधिकारों के उल्लंघन में नहीं है, तो यह आवश्यक है कि आपको यह सूचित किया जाए कि आपके पास यह अधिकार है कि आप, विद्यालय द्वारा अभिलेख या विवादास्पद अंश कायम रखे जाने तक, अपने बच्चे के अभिलेखों में मौजूद जानकारी पर टिप्पणी करने वाला एक वक्तव्य रख सकते हैं।

यदि विद्यालय द्वारा आरंभिक रूप से आपके बच्चे को विशेष शिक्षा शिक्षा एवं संबंधित सेवाएं प्रदान किए जाने के बाद, आपके बच्चे द्वारा वे सेवाएं प्राप्त करने की अपनी सहमति वापस लेते हैं, तो विद्यालय के लिए आपके बच्चे की विशेष शिक्षा और संबंधित

सेवाओं की पिछली प्राप्तियों के किसी भी संदर्भ को हटाने के लिए आपके बच्चे के शैक्षिक अभिलेखों में संशोधन करना आवश्यक नहीं है। हालांकि, आपके पास विद्यालय से यह मांग करने का अधिकार अभी भी होगा कि यदि आपके विश्वास में आपके बच्चे के अभिलेख अशुद्ध या भ्रामक हों या आपके बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन करते हों तो विद्यालय द्वारा उनमें संशोधन कर दिया जाए।

सुरक्षा उपाय एवं विनाश

विद्यालय को संग्रहण, भंडारण, प्रकटन एवं विनाश के चरणों में आपके बच्चे के अभिलेखों की गोपनीयता की सुरक्षा अवश्य करनी चाहिए। नष्ट करने का अर्थ जानकारी को इस प्रकार भौतिक रूप से नष्ट कर देने या उसमें से व्यक्तिगत अभिज्ञापक (आइडेंटिफायर) हटा देने से है कि जानकारी फिर व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य न रहे। विद्यालय को आपको यह सूचित करना होगा कि कब आपके बच्चे को शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के लिए उसके शैक्षिक अभिलेखों में मौजूद जानकारी की आवश्यकता खत्म हो गई है। आपके अनुरोध पर, नाम, पता, फोन नंबर, ग्रेड, उपस्थिति अभिलेख, बच्चे ने किन–किन कक्षाओं में भाग लिया, उसके द्वारा पूर्ण किया गया ग्रेड स्तर और पूर्ण करने का वर्ष छोड़ कर, जानकारी को नष्ट कर दिया जाना चाहिए।

माता-पिता को सूचना

टी. ई. ए. को ऐसी सूचना (नोटिस) देनी होगी जो माता–व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी की गोपनीयता के बारे में माता– पिता को पूरी तरह सूचित करने के लिए पर्याप्त हो, इसमें शामिल हैं: राज्य में विभिन्न जनसंख्या समूहों की भाषाओं में किस सीमा तक सूचना दी गई है इसका विवरण; बच्चों का विवरण जिन पर व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने जानकारी कायम रखी गई है, किस–किस प्रकार की जानकारी मांगी गई है, जानकारी एकत्र करने में किन– किन विधियों का उपयोग किया जा सकता है, जिनमें जानकारी एकत्र करने के स्रोत शामिल हैं, और जानकारी को किन उपयोगों में लाया जाएगा इन सभी का विवरण; व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी के भंडारण, तृतीय पक्षों के समक्ष प्रकटन, प्रतिधारण और विनाश के संबंध में प्रतिभागी एजेंसियों के लिए जिन नीतियों और कार्यविधियों का पालन करना आवश्यक है उनका सारांश; और इस जानकारी के संबंध में माता–पिता और बच्चों के सभी अधिकारों का विवरण, जिनमें 34 संघीय विनियम संहिता (कोड ऑफ़ फ़ेडरल रेगुलेशंस) भाग 99 में एफ़. ई. आर. पी. ए. और उसके विनियमों के तहत उपस्थित अधिकार शामिल हैं।

पालकों द्वारा स्वैच्छिक निजी विद्यालय स्थापन

अपने बच्चे को किसी निजी विद्यालय में स्वेच्छा से प्रवेश दिलाने पर आपके पास विशिष्ट अधिकार होते हैं। यदि जन विद्यालय पब्लिक स्कूल ने आपके बच्चे के लिए एफ़. ए. पी. ई . उपलब्ध कराई थी और आपने बच्चे को किसी निजी विद्यालय या सुविधा केंद्र में रखने का विकल्प चुना था तो इस स्थिति में आई. डी. ई. ए . उस जन विद्यालय पब्लिक स्कूल के लिए यह आवश्यक नहीं करता है कि वह , किसी निजी विद्यालय या सुविधा केंद्र में आपके निःशक्तता–पीड़ित बच्चे के लिए विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाओं समेत उसकी शिक्षा की लागतों का भुगतान करे। हालांकि ,जहां निजी विद्यालय स्थित है वहां के जन विद्यालय पब्लिक स्कूल को आपके बच्चे को उस जनसंख्या में शामिल करना होगा जिनकी आवश्यकताएं ,अपने माता–पिता द्वारा किसी निजी विद्यालय में रखे गए बच्चों से संबंधित आई. डी. ई. ए . प्रावधानों के तहत पूरी की जा रही हैं।

जनता के व्यय पर निजी स्कूलों में बच्चों के माता–पिता द्वारा एकतरफा स्थापन की शर्तें

जब आप अपने बच्चे लिए उपयुक्त कार्यक्रम की उपलब्धता के संबंध में जन विद्यालय पब्लिक स्कूल(से असहमत होने के कारण अपने बच्चे को किसी निजी विद्यालय में रखते हैं तो आपके पास विशिष्ट अधिकार होते हैं।

यदि आपके बच्चे को पूर्व में किसी जन विद्यालय पब्लिक स्कूल के प्राधिकार के तहत विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाएं मिली थीं ,और आपने जन विद्यालय की सहमति के बिना या उसके द्वारा निर्दिष्ट किए बिना ही अपने बच्चे को किसी निजी प्री-स्कूल ,प्राथमिक विद्यालय या माध्यमिक विद्यालय में नामांकित करने का विकल्प चुना है ,तो न्यायालय या सुनवाई अधिकारी जन विद्यालय के लिए आपको उस नामांकन की लागत की प्रतिपूर्ति देना आवश्यक कर सकता है ,बशर्ते

न्यायालय या सुनवाई अधिकारी यह पाए कि जन विद्यालय ने उस नामांकन से पहले आपके बच्चे के लिए समयबद्ध ढंग से एफ़.ए.पी.ई. उपलब्ध नहीं कराई थी और यह कि निजी स्थापन उपयुक्त है। यदि आपका स्थापन टी.ई.ए .एवं विद्यालयों द्वारा प्रदत्त शिक्षा पर लागू होने वाले राज्य मानकों की पूर्ति नहीं करता तो भी सुनवाई अधिकारी या न्यायालय की दृष्टि में वह उपयुक्त हो सकता है।

प्रतिपूर्ति पर सीमा

